CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 28 ▫ अंक- 170 ▫ रायपुर, सोमवार 14 जुलाई 2025 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98




विधानसभा का मानसून सत्र

## खाद संकट पर सदन में भारी हंगामा, विपक्ष का स्थगन अस्वीकार

**रायपुर,** 14 जुलाई (हाईवे चैनल)। विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन शून्यकाल के दौरान नेता-प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने राज्य में खाद-बीज संकट का मुद्दा उठाया. विपक्ष की ओर से खाद-बीज की कमी के मुद्दे पर स्थगन लाया गया, लेकिन मंत्री के वक्तव्य के बाद विधानसभा अध्यक्ष के स्थगन को अग्राह्य करने पर वेल में आकर कांग्रेस के विधायकों की जमकर नारेबाजी की. विपक्ष के हंगामे की वजह से सदन की कार्यवाही 5 मिनट के लिए स्थगित की गई। स्थगन की सूचना देते हुए नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने कहा कि पूरे राज्य में खाद की भारी किल्लत है. किसान इससे दु:खी हैं, आक्रोशित हैं. इस पर स्थगन स्वीकार कर चर्चा कराई जाए. पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में खाद संकट से किसान हलाकान है. सरकार खाद उपलब्ध कराने में नाकाम है. किसान बाहर बाजार से दोगुने भाव मे खाद खरीदने में मजबूर हैं।




कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि किसानों को उर्वरकों के संतुलित उपयोग के लिए जागरूक कर रहे हैं, वैकल्पिक खाद के उपयोग की भी जानकारी प्रशिक्षण के जरिए दी गई. फास्फेटिक खाद की आपूर्ति प्रभावित हुई, इसलिए हमने बहुत पहले से वैकल्पिक व्यवस्था की. नैनो उर्वरकों के उपयोग की अनुशंसा की गई है. बड़ी तादाद में इसका भंडारण भी किया जा चुका है। मंत्री ने बताया कि वैश्विक कारणों से रासायनिक खाद की आपूर्ति प्रभावित हुई. एनपीके उर्वरक का भंडारण लक्ष्य से ज्यादा हुआ है. पोटाश सहित अन्य खाद का भी भंडारण हुआ है. 28 लाख हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में बोअनी हो चुका है, जो पहले से ज्यादा है।



निलंबन के बाद सदन के बाहर गांधी प्रतिमा के पास बैठकर प्रदर्शन करते विपक्षी सदस्य.

मंत्री के वक्तव्य के बाद विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने विपक्ष का स्थगन अग्राह्य किया, स्थगन अग्राह्य होने और मंत्री के वक्तव्य से असंतुष्ट कांग्रेस के विधायकों ने वेल में आकर जमकर नारेबाजी. विपक्ष के हंगामे की वजह से सदन की कार्यवाही 5 मिनट के लिए स्थगित कर दी गई।

## पूर्व राज्यपाल शेखर दत्त, राजा सुरेंद्र बहादुर को दी गई श्रद्धांजलि

छत्तीसगढ़ विधानसभा का मानसून सत्र के पहले दिन की कार्यवाही प्रश्नकाल के साथ शुरू हुई. छत्तीसगढ़ के पूर्व राज्यपाल शेखर दत्त और अविभाजित मध्य प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री राजा सुरेन्द्र बहादुर सिंह को श्रद्धांजलि दी गई. विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह उनके साथ बिताए क्षणों को याद करते हुए कहा कि शेखर दत्त बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी थे. छत्तीसगढ़ में राज्यपाल के रूप में उनका अतुलनीय योगदान था। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि दिवंगत शेखर दत्त प्रतिभा के धनी थे. शेखर दत्त ने सेना में रहते देश का मान बढ़ाया. आईएएस के रूप में प्रशासनिक सेवा की. प्रदेश के राज्यपाल के रूप में उनका योगदान भुलाया नहीं जा सकता. पूरे छत्तीसगढ़ वासियों की ओर से नमन करता हूं. नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने भी पूर्व राज्यपाल शेखर दत्त और सुरेन्द्र बहादुर को श्रद्धांजलि दी. संसदीय कार्यमंत्री केदार कश्यप ने पूर्व राज्यपाल को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि देश ने एक कर्मठ व्यक्ति खो दिया. उनका जाना सबके लिए अपूर्णीय क्षति है. पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि शेखर दत्त बड़े-बड़े पदों में रहे. मगर उनके व्यवहार में पद का असर नहीं हुआ. उनके जाने से देश और प्रदेश को अपूर्णीय क्षति हुई।

## मानसून सत्र में वित्त विभाग लाएगा पांच विधेयक



छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र में वित्त विभाग नया कीर्तिमान स्थापित करने जा रहा है. इस दौरान विभाग रिकार्ड पांच विधेयक पेश करेगी, जिनमें पेंशन फंड और ग्रोथ एण्ड स्टेबिलिटी फंड भी शामिल है. इस तरह का एक्ट लाने वाला छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य होगा. मानसून सत्र से पहले मीडिया से चर्चा में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बताया कि विधानसभा सत्र के दौरान रिकार्ड 5 विधेयक ला रहे हैं. एससीआर (स्टेट कैपिटल रीजन) के लिए एक्ट के साथ पेंशन फंड और प्रदेश के ग्रोथ एण्ड स्टेबिलिटी के लिए एक्ट लाया जाएगा. उन्होंने कहा कि इस तरह का एक्ट बनाने वाला छत्तीसगढ़ पहला राज्य बनने जा रहा है.

■ पेंशन फंड और ग्रोथ एण्ड स्टेबिलिटी एक्ट लाने वाला देश का पहला राज्य होगा छत्तीसगढ़

## राजस्व निरीक्षक भर्ती घोटाले के दोषियों को अगले सत्र के पहले मिलेगी सजा

### विधानसभा में मंत्री ने की घोषणा, पक्ष-विपक्ष में तीखी नोकझोंक, कांग्रेस का बहिर्गमन



छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन ही सदन का माहौल गरमा गया। राजस्व निरीक्षक विभागीय भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी के मुद्दे पर सत्ता और विपक्ष आमने-सामने आ गए। सवाल-जवाब के दौरान हंगामे की स्थिति बन गई। इससे पहले सदन के पहले दिन दिवंगत राज्यपाल व पूर्व मंत्री को श्रद्धांजलि देने के बाद सदन की कार्रवाई को 10 मिनट के लिए स्थगित किया गया। प्रश्नकाल के दौरान भाजपा विधायक राजेश मूणत ने राजस्व विभाग की परीक्षा में अनियमितता का मुद्दा उठाया। इस पर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने जवाब देते हुए भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी स्वीकार की और बताया कि पाँच सदस्यीय जांच समिति की रिपोर्ट में अनियमितताएं प्रमाणित हुई हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि ईओडब्ल्यू (आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा) को 40 बिंदुओं पर जांच सौंपी गई है। जब मूणत ने गड़बड़ी के लिए पिछली सरकार को जिम्मेदार ठहराया, तो विपक्ष भड़क गया और जोरदार नारेबाजी करने लगा। कांग्रेस विधायकों ने जोर देकर कहा कि परीक्षा तो मौजूदा सरकार में ही जनवरी 2024 में आयोजित हुई थी, ऐसे में पिछली सरकार पर दोषारोपण गलत है।

भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने सवाल उठाया कि ईओडब्ल्यू जांच के आदेश किसके द्वारा दिए गए? इसके जवाब में मंत्री टंकराम वर्मा ने स्पष्ट किया कि विभाग ने स्वयं जांच का निर्णय लिया। सदन का माहौल तब और गरमा गया जब पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मामले की सीबीआई जांच की मांग की। आरोप-प्रत्यारोप के इस दौर में कांग्रेस विधायकों ने नारेबाजी करते हुए सदन से बहिर्गमन किया। गौरतलब है कि सितंबर 2023 में इस परीक्षा के लिए विज्ञापन जारी हुआ था, जनवरी 2024 में परीक्षा आयोजित हुई और फरवरी 2024 में परिणाम घोषित किए गए, इसी बीच राज्य में सरकार बदल चुकी थी। इस पृष्ठभूमि में राजस्व निरीक्षक भर्ती मामला अब छत्तीसगढ़ की राजनीति का एक बड़ा मुद्दा बनता जा रहा है। मंत्री टंकराम वर्मा ने भरोसा दिलाया कि आगामी विधानसभा सत्र से पहले इस मामले में कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## यात्री बस दुर्घटनाग्रस्त 2 लोगों की मौत



**जगदलपुर,** 14 जुलाई (हाईवे चैनल)। बस्तर जिले में सोमवार अल सुबह एक बड़ा सड़क हादसा हुआ. रायपुर से जगदलपुर आ रही मनीष ट्रेवल्स की बस बस्तर थाना क्षेत्र में माजीसा पेट्रोल पंप के पास खड़े ट्रक से टकरा गई. इस हादसे में बस चालक और महिला हेल्पर की मौत हो गई है. हादसे के वक्त बस में 30 से अधिक यात्री सवार थे। बताया जा रहा है कि सुबह करीब 4 बजे चालक को झपकी आ गई, जिससे बस सीधे सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई.

टक्कर इतनी भीषण थी कि चालक बस में ही बुरी तरह फंस गया. उसे निकालने के लिए कटर मशीन का सहारा लेना पड़ा. स्थानीय पुलिस और रेस्क्यू टीम ने मौके पर पहुंचकर घायलों को बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया. फिलहाल, बाकी घायलों की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है।

## नक्सलियों की करतूत : प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से 3 ग्रामीण घायल



**जगदलपुर/बीजापुर,** 14 जुलाई (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के कोर नक्सल क्षेत्र बीजापुर जिले में नक्सलियों द्वारा लगाए गए प्रेशर आईईडी ब्लास्ट होने से 3 ग्रामीण घायल हो गए. रविवार की शाम तीनों ग्रामीण थाना मद्देड़ अंतर्गत धनगोल गांव के जंगल में मशरूम (फुटु) इकट्ठा करने गए हुए थे. इसी दौरान वे माओवादियों द्वारा सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने लगाए गए प्रेशर ध्रश्वष्ठ की चपेट में आ गए. इस हादसे में 1 बालिका सहित 3 ग्रामीण बुरी तरह घायल हो गए.

घायल ग्रामीण में कविता कुड़ियम (उम्र 16 वर्ष), पिता- नागैया, निवासी- धनगोल, थाना- मद्देड़, जिला- बीजापुर, कोरसे संतोष, पिता- लच्छा, उम्र 26 वर्ष, निवासी- धनगोल, थाना- मद्देड़, जिला- बीजापुर और चिड़ेम कन्हैया, पिता- किस्टैया, उम्र- 24 वर्ष, निवासी- धनगोल, थाना- मद्देड़, जिला- बीजापुर शामिल हैं। जानकारी के मुताबिक, प्रेशर आईईडी विस्फोट में घायल ग्रामीणों के पैर एवं चेहरे में चोटें आई हैं. सूचना मिलते ही उन्हें तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल बीजापुर भर्ती किया गया है जहां इनका उपचार जारी है. घटना के बाद प्रशासन ने जनता से अपील की है कि जंगल क्षेत्रों में भ्रमण करते समय विशेष सतर्कता बरतें और किसी भी संदिग्ध वस्तु या गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस थाना या निकटतम सुरक्षा कैम्प को दें.

## ब्रेकिंग न्यूज

### ईडी के सामने रॉबर्ट वाड्रा की पेशी



**नई दिल्ली,** 14 जुलाई (न्यूज चैनल)। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति और जानेमाने कारोबारी रॉबर्ट वाड्रा सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय के सामने पेश हुए। उनसे ब्रिटिश हथियार सलाहकार संजय भंडारी से जुड़े धन शोधन मामले में पूछताछ की गई। वाड्रा का बयान धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत दर्ज किया जा रहा है। 56 वर्षीय वाड्रा को एजेंसी ने पिछले महीने बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया था, लेकिन उन्होंने विदेश यात्रा के कारण अपने समन को स्थगित करने का अनुरोध किया था। केंद्रीय जांच एजेंसी उनसे तीन अलग-अलग धन शोधन मामलों में पूछताछ कर रही है, जिनमें यह मामला भी शामिल है। अन्य दो मामले भूमि सौदों में कथित अनियमितताओं से संबंधित हैं। 63 वर्षीय भंडारी 2016 में आयकर विभाग की ओर से दिल्ली में छापेमारी के तुरंत बाद लंदन भाग गए थे।




चूहा- सुनती हो, बेरोजगारी का क्या जमाना है पीएम मोदी को ही नियुक्ति पत्र बांटना पड़ रहा है।

चुहिया- हां जी, नियुक्ति तो कम है वोट की राजनीति ज्यादा है।

## सरकार ने 65 लाख से अधिक आधार कार्ड किए कैंसिल



**नई दिल्ली,** 14 जुलाई (न्यूज चैनल)। देश में करोड़ों लोगों के पास आधार कार्ड है, लेकिन इनमें से कई ऐसे लोग भी हैं जो अब इस दुनिया में नहीं हैं। ऐसे लोगों के आधार कार्ड का गलत इस्तेमाल न हो, इसके लिए भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने एक खास मुहिम शुरू की है। इस अभियान के तहत मृत व्यक्तियों के आधार नंबर को बंद (निष्क्रिय) किया जा रहा है, ताकि कोई भी उनका दुरुपयोग न कर सके। ताजा आंकड़ों के अनुसार, बिहार में कुल 12 करोड़ 9 लाख 36 हजार 645 आधार कार्ड जारी किए गए हैं। लेकिन यूआईडीएआई द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत मृत व्यक्तियों के आधार नंबर को निष्क्रिय करने के बाद अब यह संख्या घटकर 11 करोड़ 43 लाख 50 हजार 755 रह गई है। यानी अब तक 65 लाख से अधिक आधार नंबर सिस्टम से हटाए जा चुके हैं। यूआईडीएआई के इस अभियान का मुख्य मकसद यह सुनिश्चित करना है कि आधार डेटाबेस में केवल जीवित और पात्र लोगों की जानकारी ही मौजूद रहे।

## छत्तीसगढ़ में फिर एक्टिव आयकर विभाग, पड़े छापे

**रायपुर,** 14 जुलाई (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ में एक बार फिर इनकम टैक्स डिपार्टमेंट एक्टिव हो गया है. यहां करीब आधा दर्जन ठिकानों पर दबिश की खबर सामने आ रही है. पुख्ता सूत्रों से जो प्रारंभिक जानकारी मिली है उसमें बिलासपुर समेत प्रदेश के अलग-अलग इलाकों में दबिश की सूचना है. सूत्र बताते है कि ये पूरा मामला एसईसीएल से जुड़ी एक शिकायत का है।

## स्पेस मिशन के हीरो शुभांशु शुक्ला जल्द लौटेंगे धरती पर



**नई दिल्ली,** 14 जुलाई (न्यूज चैनल)। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर 18 दिन बिताने और कई अहम वैज्ञानिक प्रयोगों को सफलतापूर्वक अंजाम देने के बाद भारतीय मूल के अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला अब धरती पर लौटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। ×द्बश्द्ब-4 मिशन के तहत वह और उनके तीन अन्य साथी अंतरिक्ष यात्री 14 जुलाई को वापसी की यात्रा शुरू करेंगे। नासा के अनुसार उनका पृथ्वी पर सुरक्षित लैंडिंग 15 जुलाई को दोपहर 3ञ्00 बजे (भारतीय समयानुसार) निर्धारित है। नासा ने जानकारी दी है कि इस मिशन में शामिल अंतरिक्ष यात्री कई दुर्लभ और महत्वपूर्ण वैज्ञानिक सामग्रियां अंतरिक्ष से लेकर लौट रहे हैं। इनमें 580 पाउंड (करीब 263 किलो) वजनी वैज्ञानिक उपकरण, नासा का स्पेस हार्डवेयर और 60 से अधिक साइंस एक्सपेरिमेंट्स का डेटा शामिल है। ये सभी प्रयोग अंतरिक्ष में किए गए हैं और भविष्य की स्पेस टेक्नोलॉजी व मेडिकल साइंस के लिए बेहद अहम माने जा रहे हैं। सभी वैज्ञानिक प्रयोग पूरे हो चुके हैं और अब उनकी वापसी की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

## पहले सोमवार को शिव मंदिरों में सुबह से लगा भक्तों का तांता



**रायपुर,** 14 जुलाई (हाईवे चैनल)। सावन महीने का आज पहला सोमवार है वही शहर के सभी शिव मंदिरो मे सुबह से भक्तो का तांता देखने को मिला। श्रावण मास के सोमवार न सिर्फ धार्मिक दृष्टि से बल्कि सामाजिक और पर्यावरण दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण माने जाते हैं. यह दिन भगवान शिव की आराधना को समर्पित होता है. शिव जी का प्रिय सोमवार का दिन बहुत खास माना जाता है. मान्यता है कि जो भक्त सावन के प्रत्येक सोमवार को श्रद्धा से व्रत रखकर भगवान शिव की विधिवत पूजा करता है, उसे जीवन की बड़ी-बड़ी बाधाओं से मुक्ति मिलती है. यह पूजा विशेष रूप से उन लोगों के लिए फलदायक मानी जाती है.

प्रात: काल स्नान के बाद स्वच्छ वस्त्र धारण करें. घर पर ही शिवलिंग स्थापित कर सकते हैं, या नजदीकी शिव मंदिर जाएं. शिवलिंग का अभिषेक जल, दूध, दही, घी, शहद और गंगाजल से करें. शिवलिंग पर बेलपत्र, आक-धतूरा, सफेद फूल अर्पित करें. कम से कम 108 बार ऊं नमः शिवाय मंत्र का जाप करें. व्रतधारी दिनभर फलाहार कर सकते हैं और शाम को शिव आरती करें. सायंकाल भगवान के मंत्रों का फिर जाप करें, तथा उनकी आरती करें. अगले दिन पहले अन्न वस्त्र का दान करें तब जाकर व्रत का पारायण करें. भगवान शिव की पूजा खासतौर से सोमवार को की जाती है. मान्यता है कि वैवाहिक जीवन के लिए शिव जी की पूजा सोमवार को करने से परेशानियां दूर होती हैं. कुंवारी कन्याएं इस व्रत को विशेष श्रद्धा से करती हैं ताकि उन्हें मनचाहा वर प्राप्त हो. यह व्रत नकारात्मक ऊर्जा, रोग और दरिद्रता को दूर करने में सहायक माना जाता है. इसके अलावा स्वास्थ्य, संतान और आर्थिक समस्याएं भी दूर होती हैं. सावन के सोमवार को शिव जी की पूजा सर्वोत्तम होती है. इसमें मुख्य रूप से शिव लिंग की पूजा होती है और उस पर जल तथा बेल पत्र अर्पित किया जाता।

■ सावन महीने मे होती है विशेष पूजा अर्चना

CMYK